PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, गुरुवार 17 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com


# धर्म, नीति और UCC पर श्री शिवकांत मिश्रा के साथ विशेष संवाद

## Planet News India की टीम के साथ हुई बातचीत में सनातन संस्कृति, संस्कृत, सामाजिक समरसता और श्रीकृष्ण के आध्यात्मिक महत्व पर भी चर्चा









**नोएडा, 16 सितंबर। Planet News India की टीम** के साथ **श्री शिवकांत मिश्रा जी का एक विशेष पॉडकास्ट आयोजित किया** गया, जिसमें धर्म, नीति, राजनीति, सनातन संस्कृति, संस्कृत, सामाजिक समरसता और समान नागरिक संहिता (UCC) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बातचीत के दौरान जीवन में सही मार्ग अपनाने, उचित कार्य करने तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विभिन्न पहलुओं को सामने रखा गया।

**संवाद में श्री शिवकांत मिश्रा** ने कहा कि व्यक्ति को सदैव सही मार्ग पर चलने और सही कार्य करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने नीति एवं कूटनीति की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि उचित उद्देश्य की पूर्ति के लिए परिस्थितियों के अनुरूप कूटनीति का सहारा लेना अपने आप में गलत नहीं है। इस दौरान धर्म, नीति, नैतिकता और जनहित के बीच संतुलन को लेकर भी विचार साझा किए गए।

**पॉडकास्ट में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न नामों और उनके आध्यात्मिक महत्व पर भी विशेष चर्चा** हुई। उनके नामों के अर्थ और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में उनके महत्व के साथ-साथ जीवन में धर्म, कर्तव्य और सही मार्ग की भूमिका पर विचार रखे गए।

सनातन संस्कृति और संस्कृत भाषा भी बातचीत के प्रमुख विषय रहे। भारतीय ज्ञान एवं सांस्कृतिक परंपरा में संस्कृत के योगदान और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के विषय पर भी विचार साझा किए गए।

वहीं, **समान नागरिक संहिता (UCC)** को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। बातचीत में UCC के विभिन्न पहलुओं, समाज पर इसके संभावित प्रभाव तथा जाति और धर्म से जुड़े मुद्दों पर इसके संभावित प्रभावों को समझने की आवश्यकता पर विचार किया गया। अलग-अलग समुदायों से जुड़े दृष्टिकोणों और सामाजिक चिंताओं को समझने पर भी जोर दिया गया।

**Planet News India की टीम** के साथ हुआ यह संवाद धर्म, नीति, संस्कृति और समकालीन सामाजिक विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्नों को सामने लाने का माध्यम बना। **बातचीत में जीवन, धर्म, कर्तव्य, सामाजिक समरसता और जनहित से जुड़े** विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए गए।

**— Planet News India संवाददाता**
**नोएडा**

# अलीगढ़ रंगबाजी पड़ी भारी, थार पर बजा रहे थे हूटर, गाड़ी जब्त,12000 रुपए का चालान



रंगबाजी दिखाने वाले साहब पर अलीगढ़ पुलिस ने अनाधिकृत हूटर के इस्तेमाल और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर गाड़ी का कुल 12,000 रुपये का ई-चालान काटा गया। सिर्फ चालान पर ही बात खत्म नहीं हुई, पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए वाहन को सीज भी कर दिया।सड़कों पर रंगबाजी दिखाने का शौक कई बार भारी पड़ जाता है। अलीगढ़ में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां एक महिंद्रा थार रॉक्स का ड्राइवर गाड़ी में हूटर बजाते हुए अपनी धौंस जमा रहा था। लेकिन उसकी यह रील और रईसी पुलिस के रडार पर आ गई और फिर जो हुआ, वह देखने लायक था।सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा था, जिसमें एक थार गाड़ी (रजिस्ट्रेशन नं यू पी 81 डी एक्स 0101) पर अनाधिकृत रूप से वीआईपी सायरन, हूटर बजाते हुए सरेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस वायरल वीडियो का तुरंत संज्ञान लिया और गाड़ी की पहचान कर उसकी कुंडली खंगाल डाली।रंगबाजी दिखाने वाले साहब पर अलीगढ़ पुलिस ने अनाधिकृत हूटर के इस्तेमाल और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर गाड़ी का कुल 12,000 रुपये का ई-चालान काटा गया। सिर्फ चालान पर ही बात खत्म नहीं हुई, पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए वाहन को सीज भी कर दिया। गाड़ी से उस अवैध हूटर को मौके पर ही उतरवा दिया गया, जिससे उसकी आवाज़ हमेशा के लिए बंद हो गई।सी ओ सर्वम सिंह ने बताया कि सड़कों पर कानून से ऊपर कोई नहीं है। यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें और अपने वाहनों में इस तरह के अवैध हूटर या सायरन भूलकर भी न लगाएं, वरना अगली बार चालान के साथ गाड़ी थाने में खड़ी मिलेगी।

## रम्पुटा अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों के बीच मुकाबला



राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रम्पुटा) चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 19 सितंबर को डीएस कॉलेज में मतदान होगा।चुनाव अधिकारी डीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मुकेश भारद्वाज, टीकाराम कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता ने बताया कि अध्यक्ष पद पर प्रो. ओमवीर सिंह एसवी कॉलेज, प्रो. पंकज कुमार एसवी कॉलेज, प्रो. रेनू सिंघल डीएस कॉलेज, डॉ. हरेंद्र सिंह डीएस कॉलेज अलीगढ़ के बीच मुकाबला है।उपाध्यक्ष (सामान्य) प्रो. पवन कुमार दुबे केएपीजी कॉलेज कासगंज और डॉ. रामकृष्ण पांडेय डीएस कॉलेज आमने-सामने हैं। उपाध्यक्ष (आरक्षित) पद पर डॉ. गुलशन कुमार जनता महाविद्यालय परसौन एटा, डॉ. देव प्रकाश सरस्वती कॉलेज हाथरस, डॉ. राम अवध सिंह यादव जेएलएन कॉलेज एटा के बीच त्रिकोणीय लड़ाई है। उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए प्रो. शालिनी चौधरी टीकाराम कन्या महाविद्यालय और इसी महाविद्यालय की प्रो. सुमन रघुवंशी के बीच मुकाबला है।संयुक्त सचिव (आरक्षित) डॉ. राकेश बाबू सरस्वती कॉलेज हाथरस और डॉ. राम सिंह जेएलएन कॉलेज एटा के बीच सीधा मुकाबला है। कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. डीके सिंह डीएस कॉलेज और डॉ. सतेंद्र कुमार गौतम एसवी कॉलेज आमने-सामने हैं।10 कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध

रम्पुटा चुनाव की कार्यकारिणी के 10 पदों के मुकाबले 10 ही वैध नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जो निर्विरोध चुने गए। इनमें डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. दशरथ कुमार, डॉ. रेखा तोमर, डॉ. दुर्वेश कुमार, डॉ. रीता गुप्ता, डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. राजकुमार वर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. विनोद कुमार पाल और डॉ. आलोक कुमार शामिल हैं। फुपुक्टा प्रतिनिधि के दो पदों पर डॉ. निखिल मिश्रा और डॉ. करन सिंह निर्विरोध चुने गए।

# अलीगढ़: सिटी में आज

**अलीगढ़ शहर में 17 सितंबर को कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है, जिसमें प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं**

**रघुवीरपुरी : अखलेश्वर महादेव मंदिर में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता शाम 4 बजे।**
**वार्ष्णेय मंदिर : गणेश महोत्सव सेवा समिति की ओर से राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता शाम 7 बजे।**
**टीकाराम मंदिर : गणेश संस्कार एवं सामाजिक संस्था की ओर से एक शाम जगन्नाथ के नाम भजन संध्या शाम 7 बजे।**
**सुदामापुरी : मंगलेश्वर महादेव मंदिर में गणेश महोत्सव पर खाटू श्याम भजन संध्या शाम 6 बजे।**
**अचल ताल : गणेश मंदिर में सुंदर कांड का पाठ शाम 6 बजे।**
**अचल ताल : गिलहराज हनुमान मंदिर में गणेश महोत्सव पर संकीर्तन शाम 4 बजे।**
**खेरेश्वर : खेरेश्वर महादेव मंदिर में खेरेश्वर महादेव व दाऊजी महाराज समिति की ओर से देवछठ मेले का शुभारंभ शाम 6 बजे।**
**महावीरगंज : दाऊजी महाराज मंदिर में देवछठ महोत्सव पर शृंगार दर्शन शाम 7 बजे।**
**नौरंगाबाद : रतन प्रेम डीएवी इंटर कॉलेज के मैदान में हनुमंत कथा को लेकर बैठक दोपहर 1 बजे।**
**रामबाग कॉलोनी : गली नंबर-2 स्थित कार्यालय में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक सुबह 11 बजे।**
**सेंटर पॉइंट : अटल चौक पर नगर निगम की ओर से सेवा संकल्प अभियान का आयोजन शाम 7.30 बजे।**



# दिल्ली में 1.5 करोड़ की लूट का खुलासा:

## पांच आरोपी गिरफ्तार; गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास हुई थी वारदात




दिल्ली पुलिस ने 1.5 करोड़ रुपये की लूट के मामले में पर्दाफाश किया है। मामला सुलझाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटी गई रकम में से लगभग 1 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस ने एक लूट के मामले को सुलझा लिया है। इस घटना में करीब 1.5 करोड़ रुपये नकद लूटे गए थे। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 1 करोड़ रुपये बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, यह घटना सात सितंबर 2026 की शाम को हुई थी। यह वारदात करीब 7:30 बजे गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास आउटर रिंग रोड पर हुई। शिकायतकर्ता अपने एक सहयोगी के साथ ऑटो-रिक्शा से चांदनी चौक से सफदरजंग एन्क्लेव जा रहा था। उनके पास एक बैग में करीब 1.5 करोड़ रुपये नकद थे। जब ऑटो-रिक्शा गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास पहुंचा, तो तीन बाइक-सवार व्यक्तियों ने उसे रोका। आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर पिस्तौल दिखाई। उसने शिकायतकर्ता और उसके सहयोगी को धमकाया। इसके बाद, आरोपी नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। तीनों आरोपी अपनी मोटरसाइकिल पर आईटीओ की ओर भाग निकले।लूट की यह वारदात सुनियोजित तरीके से की गई थी। शिकायतकर्ता और उसका सहयोगी ऑटो-रिक्शा में यात्रा कर रहे थे। अचानक तीन बाइक-सवारों ने उन्हें घेर लिया। एक आरोपी ने हथियार दिखाकर उन्हें डराया। उन्होंने तुरंत नकदी से भरा बैग छीन लिया। यह घटना दिल्ली के आउटर रिंग रोड पर हुई थी।दिल्ली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू की। जांच के दौरान, पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूटी गई राशि में से करीब एक करोड़ रुपये बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस बाकी बची राशि की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही है। इस गिरफ्तारी से शहर में अपराध पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# गाजियाबाद: जजों को रिश्वत के नाम

## पर 1.34 करोड़ की साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार, केस में मदद का दिया झांसा



वसुंधरा में रहने वाले शीतल प्रसाद के मुताबिक पुत्रवधू ने उनके और उनके बेटे देवांशु के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म से ईशू पांडे उर्फ रिशु पांडे निवासी चंदौली से पहचान हुई। आरोप है कि ईशू पांडे ने उनसे बहादुरगढ़ चंडीगढ़ न्यायालय में चल रहे उनके पारिवारिक विवाद में सहायता का वादा किया था।साइबर क्राइम टीम ने जजों को रिश्वत देने के नाम पर एक करोड़ 34 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा किया है। इस मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पीड़ित शीतल प्रसाद से उनके पारिवारिक विवाद को सुलझाने में मदद का झांसा दिया था।एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि इंदिरापुरम क्षेत्र के वसुंधरा में रहने वाले शीतल प्रसाद के मुताबिक पुत्रवधू ने उनके और उनके बेटे देवांशु के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म से ईशू पांडे उर्फ रिशु पांडे निवासी चंदौली से पहचान हुई। आरोप है कि ईशू पांडे ने उनसे बहादुरगढ़ चंडीगढ़ न्यायालय में चल रहे उनके पारिवारिक विवाद में सहायता का वादा किया था।

जून 2025 से अप्रैल 2026 के बीच आरोपी ने शीतल प्रसाद से करीब डेढ़ करोड़ रुपये अपने खातों में हस्तांतरित कराए। उन्होंने खुद को पुजारी और सरकारी कार्यालयों में अच्छी पकड़ वाला व्यक्ति बताया था। आरोपी ने शीतल प्रसाद के बेटे देवांशु के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में मदद का प्रलोभन दिया, जजों से अपने अच्छे संबंध होने का दावा करते हुए। उन्होंने शीतल प्रसाद को उनके बेटे को तांत्रिक विद्या का डर दिखाकर जेल भिजवाने और पुलिस से गिरफ्तार कराने की धमकी भी दी। जजों को रिश्वत देने के नाम पर ईशू पांडे ने अपने और अपनी मां के बैंक खातों में पैसे लिए। इसके अतिरिक्त, खुशबू मिर्जा, विजय, सोनी बेगम और शैली जैन के खातों में 1.34 करोड़ रुपये ट्रांसफर कराए। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

**जुए में लगाए गए पैसे**

ठगी की गई धनराशि का उपयोग सट्टेबाजी ऐप टिक्को ऐप पर सिक्के खरीदकर जुआ खेलने में किया गया। इस धोखाधड़ी में खुशबू मिर्जा निवासी पटना, बिहार ने अभियुक्तों की काफी मदद की थी। पुलिस अब खुशबू मिर्जा की तलाश कर रही है। साइबर क्राइम टीम इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# यूपी: 'मर जाओ', पति के इन शब्दों से नाराज महिला गंगा में कूदी,

## 14 घंटे बहने बाद 40 किमी दूर सुरक्षित मिली




यूपी के मिर्जापुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां इलाज के लिए रुपये नहीं मिलने पर एक महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया। महिला गंगा में कूद गई। सुनीता 14 घंटे पानी में बहती रही, करीब 40 किलोमीटर दूर सुरक्षित मिली। चुनार में मल्लाहों ने सुनीता को बाहर निकाल लिया।मिर्जापुर के चील्ह में पति से इलाज के लिए रुपये नहीं मिलने से दुखी सुनीता देवी (38) मंगलवार की शाम छह बजे शास्त्री पुल से गंगा में कूद गई। पुलिस और गोताखोर देर शाम तक तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। लगभग 14 घंटे तक पानी में बहकर वो 40 किलोमीटर दूर चुनार स्थित गंगा पुल के पास पहुंच गई। बुधवार की सुबह आठ बजे मल्लाहों ने उसे बाहर निकाला। पानी से निकलने के बाद महिला को होश आया। सूचना पर पहुंचे मायके वाले उसे अपने साथ ले गए। महिला के सकुशल मिलने पर पुलिस और परिवार ने राहत की सांस ली है।कोतवाल नीरज पाठक ने बताया कि कटरा कोतवाली क्षेत्र के लोहिया तालाब छोटी बसही निवासी सुनीता देवी (38) का पति सूरज माली निषाद गुजरात में काम करता है। पति से विवाद के बाद मंगलवार की शाम छह बजे सुनीता शास्त्री पुल पर पहुंची और गंगा नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर शाम तक नदी में तलाश की गई, लेकिन महिला का पता नहीं चला। अंधेरा होने से रात में तलाश अभियान रोकना पड़ा। बुधवार की सुबह पुलिस ने फिर खोजबीन शुरू कराई और एनडीआरएफ की टीम भी लगाई गई।पुलिस को करीब 8 बजे महिला के चुनार में मिलने की जानकारी मिली। गंगा की धारा में बहते हुए महिला करीब 40 किलोमीटर दूर चुनार पक्का पुल के पास पहुंच गई। वहां बैठे मल्लाह रामबाबू, गणेश और रंजित ने बहती हुई महिला को देखकर बाहर निकाला। पानी से निकालने के बाद उसे होश आया। इसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। चुनार पुलिस ने बताया कि महिला पति से विवाद के बाद पक्का पुल से गंगा में कूद गई थी। कछवां के बरैनी गांव स्थित मायके से पहुंचे परिजन महिला को साथ ले गए।

**पति नकदी नहीं भेजते थे, सिर्फ खाने का सामान देते थे : सुनीता**

सुनीता ने बताया कि पति गुजरात में रहते हैं। उसके तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। पति गुजरात से सिर्फ राशन का पैसा देते थे। दवा आदि के लिए मांगने पर पैसे नहीं देते थे। उसे बुखार आया था । मंगलवार को दवा के लिए पैसे मांगे तो पति ने नहीं भेजे और कहा, 'मर जाओ, मतलब नहीं है।'इसके बाद पति ने फोन बंद कर लिया। बाद में उसने फोन कर मां से बात की। इसके बाद वह घर से निकली और शास्त्री पुल से गंगा में कूद गई। गंगा में बहते हुए वह कब चुनार पहुंची, उसे पता नहीं चला।महिला मंगलवार की शाम गंगा नदी में कूद गई थी। तलाश की जा रही थी। बुधवार सुबह आठ बजे पता चला कि वह चुनार में मिल गई है। महिला स्वस्थ है। परिजनों ने बताया था कि पारिवारिक विवाद के चलते शास्त्री पुल से कूद गई थी। सभासद से बात हुई तो उसने बताया कि महिला मायके पहुंच गई है।-नीरज पाठक, कटरा कोतवाल

# यूपी: विदा होने की तैयारी में मानसून,

## अब सिर्फ कुछ जिलों में हो सकती है छिटपुट बारिश; जानिए पूर्वानुमान




Weather in UP: यूपी से मानसून विदा लेने की तैयारी में है। मौसम विभाग के अनुसार अब सिर्फ कुछ जिलों में छिटपुट बारिश ही हो सकती है। उत्तर प्रदेश में बुधवार को पूर्वांचल और कुछ दक्षिणी जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में मानसून धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है और अगले दो-तीन दिनों में प्रदेश में मानसूनी बारिश में कमी आएगी।बुधवार को प्रयागराज में 29.9 मिमी, कानपुर में 29 मिमी, हमीरपुर में 19 मिमी बारिश दर्ज हुई। वाराणसी, बलिया, सुल्तानपुर और बहराइच में भी बूंदाबांदी हुई।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 19 सितंबर के बाद पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू होने के लिए भी परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। इसके साथ ही 19 सितंबर से पश्चिमी यूपी में मौसम के पूरी तरह शुष्क होने की संभावना है। वहीं 22 सितंबर से पूर्वी यूपी में भी मानसूनी बारिश के थमने के संकेत हैं।

# राजधानी में लगातार बढ़ रही है धूप



राजधानी में बुधवार को दिन चढ़ने के साथ धूप खिली। दोपहर बाद बादलों की आवाजाही बढ़ी और शहर के बाहरी इलाकों काकोरी, रायबरेली रोड में बूंदाबांदी हुई। इस दौरान तेज हवा भी चली।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को भी लखनऊ में बादलों की सक्रियता बनी रह सकती है। धूप की तल्खी बढ़ने के साथ उमस भरी गर्मी जोर पकड़ेगी। बुधवार को अधिकतम तापमान लगभग स्थिर रहते हुए 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 0.3 डिग्री की बढ़त के साथ 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन: राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मुख्यमंत्रियों ने




आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी जन्मभूमि वडनगर (गुजरात) से लेकर मौजूदा राजनीतिक कर्मभूमि वाराणसी (उत्तर प्रदेश) तक उत्सव जैसा माहौल है। उनके समर्थकों के अलावा देश के सांविधानिक पदों पर आसीन हस्तियां भी उन्हें बधाई दे रही हैं। पीएम मोदी को विदेश से भी जन्मदिन के शुभकामना संदेश भेजे जा रहे हैं। अमर उजाला के इस लाइव ब्लॉग में जानिए पीएम मोदी के जन्मदिन पर समारोह, संदेश आदि से जुड़े तमाम अपडेट्स

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर बना 'आशीर्वाद का दीया' म्यूजिक वीडियो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर उनके 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और सेवा को समर्पित 'आशीर्वाद का दीया' म्यूजिक वीडियो जारी किया गया। इस वीडियो में संगीत अमन पंत ने दिया है। वहीं, इसकी गायक स्नेहा शंकर है। वीडियो के संदेश में कहा गया कि लोगों ने वर्षों से पीएम मोदी की राष्ट्रसेवा को देखा है और 17 सितंबर को उनके सम्मान में दीया जलाया जाएगा। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' स्नेह और अपनापन जताने का बेहद खास माध्यम है, जिसने उन्हें गहराई से छुआ है। उन्होंने कहा कि हर आशीर्वाद देश की सेवा के लिए उनके संकल्प को और मजबूत करता है।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर रेखा गुप्ता ने किया हवन

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर जीटी करनाल रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में हवन किया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर रेखा गुप्ता ने किया हवन

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर जीटी करनाल रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में हवन किया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।

### तरुण चुघ ने पीएम मोदी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

राज्यसभा सांसद तरुण चुघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश में गरीबी से लड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। आज दुनिया भारत की बढ़ती भूमिका और प्रभाव को देख रही है। उन्होंने पीएम मोदी के लिए गुरु महाराज से आशीर्वाद और शुभकामनाएं मांगीं।

### मोहन यादव ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जनसेवा के जरिए राष्ट्र निर्माण को नई दिशा दी और भारत के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी। उन्होंने पीएम मोदी के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

### योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मोदी को 'नए भारत का शिल्पी' और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के स्वप्नद्रष्टा बताया। योगी ने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, सुशासन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए कीर्तिमान बना रहा है।

पद्म श्री पुरस्कार विजेता सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीक, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पटनायक ने कला और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी विदेश दौरों के दौरान भारतीय कला-संस्कृति को दुनिया के सामने रखते हैं। पटनायक ने स्वच्छ भारत मिशन और पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी पहलों का भी उल्लेख किया।

### निर्मला सीतारमण ने पीएम मोदी को दी बधाई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में भी पीएम मोदी देश को 'विकसित भारत' की दिशा में मजबूती से आगे ले जा रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर कदम पर राष्ट्र को सर्वोपरि रखा है और जनकल्याण को प्राथमिकता दी है।

### जयशंकर ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने पीएम मोदी के अच्छे स्वास्थ्य, सफलता और देशवासियों की सेवा में लंबे कार्यकाल की कामना की। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने विचारों और उपलब्धियों से दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करते रहते हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में पीएम मोदी ने सुशासन के कई नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नेतृत्व में समावेशी विकास को अभूतपूर्व गति और नई दिशा मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सांस्कृतिक गौरव की भावना के साथ आधुनिक प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए देश की विरासत और विकास के समन्वय को साकार कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

# रूस पर शिकंजा कसने वाला बिल अमेरिकी संसद से पास




अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों से जुड़े विधेयक को 262-159 वोटों से पारित कर दिया है और अब यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास है। विधेयक रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस खरीदने वाले तीसरे देशों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाने का अधिकार देता है, जिससे भारत और चीन पर संभावित असर की चर्चा है। क्या है पूरा मामला? जानिए...

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को रूस और ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने वाले एक बड़े विधेयक को मंजूरी दे दी। 262 सांसदों ने इसके पक्ष में और 159 ने विरोध में मतदान किया। 61 पन्नों वाले इस विधेयक को अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है। यह विधेयक पिछले महीने अमेरिकी सीनेट में भी 86-11 वोटों से पारित हो चुका है। इसका नाम लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 रखा गया है। यह नाम जुलाई में अप्रत्याशित रूप से दिवंगत हुए सीनेटर लिंडसे ग्राहम के सम्मान में रखा गया है, जो रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के प्रमुख समर्थकों में रहे थे।

### रूस के खिलाफ इस विधेयक में क्या प्रावधान है?

विधेयक का सबसे अहम निशाना रूस का ऊर्जा क्षेत्र है। इसका मकसद रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर आर्थिक दबाव बनाकर उसकी ऊर्जा से होने वाली कमाई घटाना है। इस कानून के तहत राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस खरीदने वाले तीसरे देशों के सामान पर शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है। इनमें चीन और भारत जैसे देश भी प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का घोषित उद्देश्य रूस की उन आय के स्रोतों को कम करना है, जिनसे यूक्रेन के खिलाफ 2022 से जारी युद्ध को फंड किया जा रहा है।

- सात अहम बातें जो समझना जरूरी है:-राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में ऊर्जा खरीदने वाले तीसरे देशों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है।
- सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, यह प्रावधान 2025 के विधेयक में प्रस्तावित 500 फीसदी शुल्क के मुकाबले अधिक सीमित है।
- रूस के प्राकृतिक गैस निर्यात का 15 फीसदी से कम आयात करने वाले और रूसी ऊर्जा पर निर्भरता घटाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने वाले देशों के लिए छूट का प्रावधान है।
- अटलांटिक काउंसिल के अनुसार, चीन अगर रूसी तेल खरीदना जारी रखता है तो उसके सामान पर राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाया जा सकता है।
- 
- विधेयक में रूसी सरकारी अधिकारियों, अरबपतियों, उनके परिवार के कुछ सदस्यों और रूसी वित्तीय संस्थानों को भी निशाना बनाने का प्रावधान है।
- ट्रंप के अनुरोध पर विधेयक में ईरान के हथियार और ऊर्जा क्षेत्रों की फंडिंग कम करने के उद्देश्य से प्रतिबंध लगाने के अधिकार को भी बढ़ाया गया है।
- भारत पर अभी 100 फीसदी शुल्क नहीं लगाया गया है। विधेयक राष्ट्रपति को परिस्थितियों के अनुसार ऐसा शुल्क लगाने का अधिकार देता है।

### भारत और चीन को लेकर इतनी चर्चा क्यों ?

भारत और चीन रूस से ऊर्जा खरीदने वाले बड़े देशों में शामिल हैं, इसलिए नए अमेरिकी कानून के संभावित असर को लेकर दोनों देशों का नाम सामने आ रहा है। हालांकि, यह अंतर समझना जरूरी है

कि प्रतिनिधि सभा से विधेयक पास होने का मतलब यह नहीं है कि भारत पर तुरंत 100 फीसदी शुल्क लग गया है। विधेयक राष्ट्रपति को ऐसी कार्रवाई का अधिकार देता है। इसके अलावा, प्रावधान में उन देशों के लिए छूट की संभावना भी रखी गई है जो रूसी ऊर्जा पर अपनी निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं और जिनका आयात रूस के सालाना प्राकृतिक गैस निर्यात के 15 फीसदी से कम है।

### अमेरिकी सांसदों ने विधेयक पर क्या कहा?

प्रतिनिधि सभा के कुछ वरिष्ठ डेमोक्रेट सांसदों ने विधेयक पर आपत्ति जताई। उनकी चिंता थी कि इससे ट्रंप को बहुत व्यापक शुल्क लगाने की शक्तियां मिल सकती हैं और उनका दुरुपयोग हो सकता है।

हालांकि, ये आपत्तियां विधेयक को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं रहीं। सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने सोमवार को कहा था, 'मैं हमेशा रूस प्रतिबंध विधेयक के पक्ष में रहा हूं। लेकिन हमें इसके लिए सहमति बनानी पड़ी और मुझे लगता है कि अब हमारे पास वह सहमति है।'

यूक्रेन समर्थक अमेरिकी संगठन रजॉम फॉर यूक्रेन के डेनियल बाल्सन ने विधेयक के पारित होने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐसे समय में हुआ है जब रूसी अधिकारी व्यापक लामबंदी की दिशा में बढ़ रहे हैं और यूक्रेन के महत्वपूर्ण ऊर्जा ढांचे पर बमबारी तेज कर रहे हैं।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला: पेट्रोल, डीजल और एटीएफ के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स घटाया; अब कितना लगेगा शुल्क?




केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से जुड़े कर में बदलाव किया है। नई व्यवस्था 16 सितंबर से शुरू हुए पखवाड़े के लिए लागू होगी। डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और सड़क एवं बुनियादी ढांचा उपकर की संयुक्त दर में कमी की गई है। विमान ईंधन के निर्यात पर भी शुल्क घटाया गया है।केंद्र सरकार ने 16 सितंबर से शुरू हुए पखवाड़े के लिए पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर यानी विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) और सड़क एवं बुनियादी ढांचा उपकर अब 20 रुपये प्रति लीटर होगा। पहले यह दर 25 रुपये प्रति लीटर थी।एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी की दर 15 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 19 रुपये थी। पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क भी 16 सितंबर से घटाकर 0.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। पिछले पखवाड़े यह दर 1.5 रुपये प्रति लीटर थी। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि संशोधित शुल्क 16 सितंबर से प्रभावी होंगे।




**पेट्रोल-डीजल के दामों पर नहीं पड़ेगा कोई असर**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने 27 मार्च को डीजल और एटीएफ के निर्यात पर शुल्क लगाया था और इसके बाद हर पखवाड़े इसकी दर में बदलाव किया जाता रहा। 16 मई से पेट्रोल के निर्यात पर भी यह शुल्क लगाया गया। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू खपत के लिए जारी किए जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**सरकार ने क्यों लगाया था विंडफॉल टैक्स?**

पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच घरेलू स्तर पर ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। इसका एक उद्देश्य निर्यातकों को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण पैदा हुए मूल्य अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना भी था। पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को हतोत्साहित करके घरेलू बाजार में उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना भी इस कर का उद्देश्य था।

## एनएसई आईपीओ: 22,569 करोड़ के ऑफर में कमाई का मौका या बड़ा जोखिम? पैसा लगाने से पहले समझें गणित

एनएसई का 22,569 करोड़ रुपये का आईपीओ आज से खुदरा निवेशकों के लिए खुल रहा है। इसका मूल्य दायरा 1,700 से 1,785 रुपये प्रति शेयर और लॉट साइज आठ शेयरों का है, यानी न्यूनतम निवेश 14,280 रुपये होगा। एनएसई की बाजार हिस्सेदारी और कमाई मजबूत है, लेकिन ऑप्शंस ट्रेडिंग में गिरावट से राजस्व और मुनाफे पर दबाव बढ़ा है। इस शेयर पर दांव लगाना समझदारी है या खतरे की घंटी? पैसा लगाने से पहले जानें...नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) का सार्वजनिक निर्गम खुदरा निवेशकों के लिए आज से खुलेगा। यह आईपीओ ऐसे समय आ रहा है, जब डेरिवेटिव ट्रेडिंग वॉल्यूम में गिरावट के कारण कैपिटल मार्केट फर्मों को लेकर निवेशकों में सतर्कता का माहौल है, जिसका असर पहले ही ऑफर प्राइस पर पड़ चुका है। एनएसई आईपीओ का मूल्यांकन वित्त वर्ष 2027-28 की अनुमानित कमाई के करीब 35 से 38 गुना के बराबर है। यह वैश्विक एक्सचेंज ऑपरेटरों के मुकाबले कहीं अधिक है। खुदरा निवेशकों के पास दो विकल्प हैं, या तो आईपीओ की विंडो में दांव लगाएं। या फिर लिस्टिंग का इंतजार करें और बाजार में सही कीमत की खोज होने के बाद सेकेंडरी मार्केट से शेयर खरीदें।




**कारोबार कितना मजबूत?**

किसी भी कंपनी में पैसा लगाने से पहले उसका बिजनेस देखना सबसे पहला नियम है। वित्त वर्ष 2025-26 के आंकड़ों के मुताबिक, कैश-मार्केट टर्नओवर में एनएसई की हिस्सेदारी 92.99 फीसदी, इक्विटी फ्यूचर्स में 99.79 फीसदी और इक्विटी ऑप्शंस प्रीमियम टर्नओवर में 74.71 फीसदी रही है। जून 2026 को समाप्त तिमाही में एनएसई ने 4,560 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व और 3,121 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। कमाई के मामले में इसकी सेहत तंदुरुस्त है।नए नियमों ने ऑप्शंस ट्रेडिंग में वृद्धि को धीमा कर दिया है और भारतीय बाजारों को वैश्विक मानकों के अनुरूप लाने के लिए ट्रेडिंग नियमों में फेरबदल किया है। एनएसई अपने राजस्व का 80% ट्रेडिंग से प्राप्त करता है, जिसमें से 60% ऑप्शंस ट्रेडिंग से आता है। 2024 के अपने चरम से यह वॉल्यूम 27% तक गिर चुके हैं।

**ऑप्शंस की सुस्ती ने घटाया मुनाफा**

डेरिवेटिव ट्रेडिंग वॉल्यूम में कमी आने से एनएसई के बॉटम-लाइन पर असर पड़ा है। मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में एक्सचेंज के परिचालन से होने वाला राजस्व 3.1 फीसदी घट गया, जबकि मुनाफा 15.5 फीसदी गिर गया। बर्नस्टीन का अनुमान है कि ऑप्शंस ट्रेडिंग पर नियामक उपायों के कारण 2027 में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में वृद्धि धीमी होकर लगभग 5 फीसदी रह जाएगी।

## यूपीआई पर एमडीआर शुल्क से बदलाव की उम्मीद: कुछ शेयरों में बड़ी कमाई का मौका संभव, क्या होगा बाजार पर असर?




यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट शुल्क की नई व्यवस्था ने भुगतान उद्योग और शेयर बाजार में निवेशकों का ध्यान खींचा है। विशेषज्ञों के मुताबिक शुल्क से भुगतान सेवा देने वाले बैंक, फिनटेक कंपनियां और पेमेंट एग्रीगेटर अतिरिक्त आमदनी हासिल कर सकते हैं। इसी उम्मीद के बीच वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में बुधवार को तेज उछाल आया और भाव 52 हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंच गया।डिजिटल भुगतान की रीढ़ बन चुके यूपीआई के नियमों में हुए हालिया बदलावों ने शेयर बाजार में हलचल तेज कर दी है। सरकार द्वारा 2,000 रुपये से अधिक के मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर 0.4 फीसदी तक का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) ढांचा लाने के बाद यह बहस छिड़ गई है कि इसका फायदा किस सेक्टर को मिलेगा। आम आदमी की जेब को सुरक्षित रखते हुए इस बदलाव का सीधा असर वित्तीय संस्थानों और भुगतान सेवा प्रदाता कंपनियों के मुनाफे पर भी पड़ने वाला है।एआर वेल्थ रिसर्च के संस्थापक पार्टनर लोकेश सेठिया के अनुसार, यूपीआई के नए राजस्व शेयरिंग फॉर्मूले में सेवा देने वाले बैंक और मर्चेंट की भूमिका अहम होगी। इस मोर्चे पर पेटीएम, यस बैंक व पाइन लैब्स जैसे कंपनियों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है। भले ही शुरुआत में असर छोटा लगे, लेकिन लंबी अवधि में लेनदेन वॉल्यूम का बड़ा हिस्सा संभालने वाले बैंकों के लिए यह आय का एक नया स्रोत बनेगा, जिससे उनके परिचालन लाभ (पीबीटी/पीएटी) में 5 से 10% तक की बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है।विशेषज्ञों का मानना है कि अब तक यूपीआई का पूरा सिस्टम बिना किसी मर्चेंट शुल्क के चल रहा था, जिसका पूरा बोझ बैंक और सरकार उठा रहे थे। लेनदेन की संख्या अरबों में पहुंचने के बाद सर्वर, साइबर सुरक्षा और तकनीकी रखरखाव के लिए एक स्थायी राजस्व मॉडल की जरूरत थी। अब चूंकि नियम साफ हो चुके हैं और बड़े मर्चेंट लेनदेन पर शुल्क का रास्ता खुल गया है, इससे उन बैंकों और फिनटेक कंपनियों की वित्तीय सेहत सुधरेगी जो इस नेटवर्क को चला रहे हैं। बाजार के उतार-चढ़ाव और वैश्विक संकेतों को देखते हुए किसी शेयर में बड़ा निवेश करने के बजाय गिरावट पर धीरे-धीरे खरीदारी की रणनीति अपनानी चाहिए।डिजिटल भुगतान कंपनी पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयरों में बुधवार को जोरदार तेजी देखने को मिली।

## अमेरिकी केंद्रीय बैंक का बड़ा फैसला: राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव को दरकिनार कर फेड ने बढ़ाई ब्याज दरें, वजह क्या?

अमरीका के केंद्रीय बैंक 'फेडरल रिजर्व' ने लगातार बनी हुई महंगाई पर रोक लगाने के उद्देश्य से 2023 के बाद पहली बार अपनी बेंचमार्क ब्याज दर में 0.25% की बढ़ोतरी की है। इससे ब्याज दरें बढ़कर 3.9% हो गई हैं, जिससे होम लोन, कार लोन और क्रेडिट कार्ड महंगे होंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दरें घटाने के दबाव को दरकिनार करते हुए फेड ने इस साल के अंत तक दरों को 4.1% तक ले जाने का संकेत दिया है। अमेरिका में जिद्दी बनी महंगाई पर लगाम कसने के लिए केंद्रीय बैंक 'फेडरल रिजर्व' ने एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। व्हाइट हाउस के लगातार दबाव को दरकिनार करते हुए फेडरल रिजर्व ने बुधवार को बेंचमार्क ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर दी है। वर्ष 2023 के बाद से यह पहला मौका है जब अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में इजाफा किया है। इस फैसले से न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कम ब्याज दरों की मांग को झटका लगा है, बल्कि इसका असर वैश्विक बाजारों पर भी देखने को मिल सकता है। अमेरिका में जिद्दी बनी महंगाई पर लगाम कसने के लिए केंद्रीय बैंक 'फेडरल रिजर्व' ने एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। व्हाइट हाउस के लगातार दबाव को दरकिनार करते हुए फेडरल रिजर्व ने बुधवार को बेंचमार्क ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर दी है। वर्ष 2023 के बाद से यह पहला मौका है जब अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में इजाफा किया है। इस फैसले से न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कम ब्याज दरों की मांग को झटका लगा है,




**महंगाई पर लगाम लगाने के लिए उठाया सख्त कदम**

फेडरल रिजर्व ने मुख्य ब्याज दर (बेंचमार्क रेट) में 25 बेसिस प्वाइंट (0.25 फीसदी) की बढ़ोतरी की है। इस फैसले के बाद अमरीका में मुख्य ब्याज दर बढ़कर लगभग 3.9 फीसदी हो गई है। बैंक के इस कदम का सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा, जिससे समय के साथ होम लोन, ऑटो लोन और क्रेडिट कार्ड पर ब्याज दरें महंगी हो जाएंगी। त्रैमासिक अनुमानों को जारी करते हुए फेड की दर-निर्धारण समिति (एफओएमसी) ने संकेत दिया है कि महंगाई को नियंत्रित करने के लिए इस साल के अंत तक ब्याज दरों को एक बार फिर बढ़ाकर 4.1 फीसदी तक किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने अपने आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया, 'आज की नीतिगत कार्रवाई मुद्रास्फीति (महंगाई) को केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य पर समयबद्ध तरीके से वापस लाने में मदद करेगी।' चुनाव से ठीक पहले आम जनता पर दोहरा बोझ?

फेड का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी जनता पहले से ही खाद्य पदार्थों, पेट्रोल-डीजल और आवास की बढ़ती कीमतों से जूझ रही है। अमेरिका में महज सात हफ्ते बाद मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं, और ऐसे में बढ़ती महंगाई चुनावी अभियानों का सबसे मुख्य मुद्दा बन चुका है। ब्याज दरों के बढ़ने से आम उपभोक्ताओं के लिए कर्ज लेना और महंगा हो जाएगा।यह फैसला फेडरल रिजर्व के नए चेयरपर्सन केविन वॉश के रुख में आए एक बड़े मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से नियुक्त किए गए केविन वॉश ने इसी साल मई में फेड अध्यक्ष का पद संभाला था। पिछले साल जब ट्रंप इस पद के लिए उनके नाम पर विचार कर रहे थे, तब वॉश ने कई बार संकेत दिए थे कि फेड ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। उन्होंने कम ब्याज दरों की राष्ट्रपति ट्रंप की मांग का समर्थन भी किया था। हालांकि, पद संभालने और लगातार ऊंची बनी महंगाई के आंकड़ों के बीच वॉश ने राजनीतिक दबाव के बजाय केंद्रीय बैंक की नीतिगत स्वायत्तता और महंगाई नियंत्रण को प्राथमिकता दी है।

## Gold Silver Price: दिल्ली में सोना 1000 रुपये टूटा, पांच सप्ताह के निचले स्तर पर भाव; जानिए चांदी की कीमतें




दिल्ली में सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, जो पांच सप्ताह का निचला स्तर है। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की आशंका ने सोने पर दबाव बढ़ाया। चांदी के दाम स्थिर रहे।दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट वैश्विक कमजोर रुझानों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण हुई। इसके साथ ही सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले 7 अगस्त को भी सोने के दाम इसी स्तर पर थे।स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि वैश्विक संकेतों की कमजोरी के कारण मंगलवार को सोने में गिरावट आई। स्पॉट गोल्ड 4,300 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया। यह एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। साथ सोने पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड 22.28 अमेरिकी डॉलर यानी 0.52 फीसदी गिरकर 4,276.52 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।बाजार के भागीदार अब फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की 92 फीसदी संभावना मान रहे हैं। यह जुलाई 2023 के बाद पहली ब्याज दर वृद्धि होगी।

## द बोनस मार्केट अपडेट: बाजार में शुरुआती गिरावट के बाद लौटी हरियाली; सेंसेक्स 60 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,250 के पार

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी लौटी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान पर पहुंच गए। निवेशकों की नजरें अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत निर्णय पर टिकी हैं।सेंसेक्स 60.99 अंकों की बढ़त के साथ 74,397.44 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। यह 0.08 फीसदी की मामूली वृद्धि थी। दूसरी ओर, निफ्टी 36.86 अंकों की मजबूती के साथ 23,254.45 के स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी में 0.16 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार के सत्र में भारतीय मानक सूचकांक अस्थिर रहे थे। हालांकि, वे मामूली बढ़त के साथ समाप्त हुए थे। विश्लेषकों का कहना है कि निफ्टी में जारी एकीकरण निचले स्तरों पर संभावित आधार निर्माण का संकेत देता है। यह हाल के 22,182-24,774 के उतार-चढ़ाव के 61.8 फीसदी वापसी स्तर के आसपास है।गुरुवार को बाजार ने लाल निशान पर शुरुआत की थी। लेकिन जल्द ही निवेशकों ने खरीदारी शुरू कर दी। इससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में बढ़त दर्ज हुई। यह शुरुआती नुकसान को मिटाकर हरे निशान पर आ गए। है।




गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में शुरुआती नुकसान के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी 23,250 के ऊपर पहुंचा। अब बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय पर प्रतिक्रिया देंगे। विश्लेषकों ने निफ्टी में आधार निर्माण की संभावना जताई है।

**आगे बाजार की चाल कैसी रहेगी?**

विश्लेषकों के अनुसार, निफ्टी में अभी भी 'उच्चतर उच्च-उच्चतर निम्न' संरचना का अभाव है। इससे व्यापक बाजार धारणा सतर्क बनी हुई है। बाजार अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय का इंतजार कर रहा है। यह निर्णय बाजार की अगली दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होगा। निवेशकों को आगामी दिनों में और अस्थिरता देखने को मिल सकती है।

## सोमी अली: 'महिला का शरीर कोई पब्लिक प्रॉपर्टी नहीं'; कैटरीना की बॉडी शेमिंग पर भड़कीं सलमान की एक्स, क्या कहा?




अंबानी परिवार ने गणेश चतुर्थी पर बप्पा का स्वागत किया। इस आयोजन में कई फिल्मी सितारे शामिल हुए। अभिनेत्री कैटरीना कैफ भी एक्टर पति विक्की कौशल के साथ पहुंचीं। गणपति उत्सव से कैटरीना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मां बनने के बाद अभिनेत्री का वजन बढ़ गया है, जिसे लेकर उनके लुक में कुछ लोग कमियां निकाल रहे हैं और ट्रोल करने लगे। कैट की ट्रोलिंग का करारा जवाब सोमी अली ने दिया है।



Somy Ali Defends Katrina Kaif: अभिनेत्री कैटरीना कैफ गणेश चतुर्थी के अवसर पर पति विक्की कौशल के साथ अंबानी परिवार के आयोजन में शामिल हुई थीं। यहां उनके लुक को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। इस पर सलमान खास की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली ने नाराजगी जाहिर की है।अंबानी परिवार ने गणेश चतुर्थी पर बप्पा का स्वागत किया। इस आयोजन में कई फिल्मी सितारे शामिल हुए। अभिनेत्री कैटरीना कैफ भी एक्टर पति विक्की कौशल के साथ पहुंचीं। गणपति उत्सव से कैटरीना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मां बनने के बाद अभिनेत्री का वजन बढ़ गया है, जिसे लेकर उनके लुक में कुछ लोग कमियां निकाल रहे हैं और ट्रोल करने लगे। कैट की ट्रोलिंग का करारा जवाब सोमी अली ने दिया है।सोमी अली ने आगे लिखा है, 'उस महिला ने इस दुनिया में एक नई जिंदगी को जन्म दिया है। वह महिला सम्मान की हकदार है, मजाक की नहीं। जो लोग स्क्रीन के पीछे छिपकर महिलाओं के शरीर का मजाक उड़ाते हैं, उन्हें बता दें कि उसके शरीर से आपका कोई लेना-देना नहीं है। उस महिला का हुनर, काम और उसकी इंसानियत ही ध्यान देने लायक चीजें हैं। महिलाओं को वैसे ही रहने दें, बिना इस बात पर जोर दिए कि उन्हें कैसा दिखना चाहिए'।

## बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम: बड़े स्टार और खाली थिएटर, 'राजासाब' से 'हैवान' तक; 9 महीने में इन फिल्मों का हुआ बुरा हाल




**Box Office Disaster of 2026**: साल 2026 का नौवां महीना भी जल्द खत्म होने वाला है। इन नौ महीनों में सिनेमाघरों में कई फिल्में आईं, जिनमें से कुछ हिट हुईं तो कुछ फ्लॉप हुईं। इस खबर में जानिए उन फिल्मों के बारे में, जो इस साल थिएटर तक दर्शकों को खींचने में असफल रहीं।Box Office Disaster of 2026: साल 2026 का नौवां महीना भी जल्द खत्म होने वाला है। इन नौ महीनों में सिनेमाघरों में कई फिल्में आईं, जिनमें से कुछ हिट हुईं तो कुछ फ्लॉप हुईं। इस खबर में जानिए उन फिल्मों के बारे में, जो इस साल थिएटर तक दर्शकों को खींचने में असफल रहीं।ऐसे में सवाल उठने लगा कि क्या दर्शकों का टेस्ट तेजी से बदल रहा है या फिर बड़े बजट की फिल्मों में पुराना फॉर्मूला अब काम नहीं कर रहा? आइए जानते हैं जनवरी से सितंबर तक की उन फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया।

साल की शुरुआत यानी जनवरी में प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' आई। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता थी, क्योंकि इसमें प्रभास एक अलग तरह के अवतार में नजर आए। बड़े बजट और स्टार पावर के बावजूद फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली।आईएमडीबी के अनुसार, 'द राजा साब' 350 करोड़ के बजट में बनी थी और इसने वर्ल्डवाइड सिर्फ 208 करोड़ रुपये का ही बिजनेस किया और साल की पहली फ्लॉप साबित हुई।फरवरी में विशाल भारद्वाज की 'ओ रोमियो' रिलीज हुई। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आई। विशाल भारद्वाज जैसे निर्देशक और मजबूत स्टारकास्ट के कारण फिल्म को लेकर काफी चर्चा थी। फिल्म की कहानी, माहौल को लेकर दर्शकों की उम्मीदें ऊंची थीं। हालांकि, रिलीज के बाद इसे मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं और बॉक्स ऑफिस पर भी यह उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।मार्च में पवन कल्याण स्टारर 'उस्ताद भगत सिंह' सिनेमाघरों में आई। फिल्म को लेकर साउथ इंडियन सिनेमा के फैंस में खासा उत्साह था। पवन कल्याण की लोकप्रियता और एक्शन फिल्मों की मजबूत फैन फॉलोइंग के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल नहीं कर सकी। यह फिल्म उन फिल्मों में शामिल रही, जो इस साल डिजास्टर साबित हुई हैं।

फिल्म की कहानी ने यह भी दिखाया कि आज के दर्शक सिर्फ बड़े स्टार या बड़े एक्शन सीक्वेंस के आधार पर फिल्म देखने का फैसला नहीं करते। कहानी, स्क्रीनप्ले और भावनात्मक जुड़ाव भी उतना ही महत्वपूर्ण हो चुका है।

## एमएस सुब्बुलक्ष्मी 110वीं जयंती आयोजन: कमल हासन ने किया महान गायिका पर फिल्म का एलान, रश्मिका निभाएंगी लीड रोल

### MS Subbulakshmi 110th Birth Anniversary Event: कल बुधवार को बंगलूरू में महान कर्नाटक शास्त्रीय गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां कमल हासन ने गायिका की बायोपिक का आधिकारिक एलान किया, जिसमें रश्मिका मंदाना लीड भूमिका अदा करेंगी।

शास्त्रीय गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी के जीवन पर फिल्म बनेगी। रश्मिका मंदाना इसमें महान गायिका के किरदार में नजर आएंगी। उन्होंने बीते दिनों अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए इसकी जानकारी साझा की थी। कल 16 सितंबर को एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर कमल हासन ने इस फिल्म का आधिकारिक एलान किया। उन्होंने बंगलूरू में आयोजित इवेंट में फिल्म की घोषणा की। इस किरदार को निभाने को लेकर रश्मिका ने इवेंट में कहा, 'आप सभी के सामने बोलते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है। इस वक्त दिल में सिर्फ एक ही भावना है, और वह है आभार। आप सभी यहां अम्मा का जन्मदिन मनाने के लिए मौजूद हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। दैवीय शक्ति से पूर्ण उनकी आवाज को सुनती हूं तो मुझे सचमुच ऐसा लगता है, जैसे मैं ईश्वर की उपस्थिति में बैठी हूं'। रश्मिका ने लोगों से यह वादा भी किया कि वह इस रोल के लिए अपना बेस्ट देंगी।





**कमल हासन ने दिया पहला क्लैप**

इस लॉन्च इवेंट में कमल हासन ने पहला क्लैप दिया। कार्यक्रम में रश्मिका और कमल हासन के साथ अनुभवी प्रोड्यूसर मणिरत्नम भी शामिल हुए। इवेंट में रश्मिका ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए आभार जताया। वहीं, कमल हासन ने एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की म्यूजिकल विरासत और उन्हें पर्दे पर पेश करने चुनौती के बारे में बात की।

कमल हासन ने एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की विरासत और संगीत में उनके योगदान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अलग-अलग भाषाओं में गाए गए उनके गानों ने लोगों को एक साथ लाने में मदद की। उन्होंने कहा, 'अम्मा ने अपने संगीत के जरिए लोगों को जोड़ने का काम किया है'।

**क्या है बायोपिक फिल्म का टाइटल?**

एमएस अम्मा की बायोपिक का टाइटल 'एमएस - ए लेगेसी ऑन स्क्रीन' है। इसमें रश्मिका मंदाना सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभाने वाली हैं। सुपरस्टार कमल हासन ने इस फिल्म को लॉन्च किया। इवेंट में दिग्गज अभिनेता ने महान गायिका के किरदार को निभाने के दबाव की तुलना माइकल जैक्सन का किरदार निभाने से की।

कमल हासन का कहना है कि इस रोल को निभाने में वैसा ही दबाव महसूस होता है, जैसा माइकल जैक्सन जैसे ग्लोबल आइकॉन का किरदार निभाते समय किसी एक्टर को होता। बता दें कि एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती पर आधिकारिक तौर लॉन्च हुई इस फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक से भी मेकर्स ने पर्दा उठाया।




## अमाल मलिक: 'म्यूजिक का SRK हूं, गुस्सा सलमान खान वाला है'; क्रेडिट विवाद के बीच कंपोजर ने किसे दी चेतावनी?




अमाल मलिक इन दिनों 'मैं हूं हीरो तेरा' गाने के क्रेडिट विवाद को लेकर सुर्खियों में हैं। दरअसल, बीते दिनों सलमान खान फिल्म्स (SKF) ने फिल्म 'हीरो' की एनिवर्सरी पर 'मैं हूं हीरो तेरा' गाने का वीडियो साझा किया था। कैप्शन में अमाल मलिक का नाम नहीं दिया गया, जबकि यह गाना उन्होंने कंपोज किया था। इस पर अमाल ने नाराजगी जाहिर की थी। अमाल का आरोप है कि इसके बाद उनके परिवार को टारगेट किया गया। इस बीच अमाल ने सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वालों को एलर्ट किया है।

**बोले- 'एक शब्द भी बर्दाश्त नहीं होगा'**

'मैं हूं हीरो तेरा' गाने के क्रेडिट विवाद के बीच अमाल मलिक ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए चेतावनी दी है। उन्होंने ट्रोल्स को सख्त संदेश दिया है कि वे अपने रिस्क पर ही उनसे भिड़ें, क्योंकि वे अपने परिवार के खिलाफ एक शब्द भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। अमाल ने खुद को म्यूजिक का शाहरुख खान बताया। साथ ही यह भी साफ किया कि उनका गुस्सा सलमान खान और संजय दत्त जैसा है।

अमाल ने एक्स पर पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी आलोचना और परिवार पर हमलों के बीच साफ फर्क बताया और कहा कि परिवार पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अमाल ने लिखा, 'दुनिया के हर सोशल प्लेटफॉर्म पर मौजूद सभी दर्शकों के लिए एक जरूरी चेतावनी... मेरे परिवार के बारे में एक भी शब्द बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'।

**क्रेडिट न मिलने पर फिर जताई नाराजगी**

अमाल ने आगे लिखा है, 'सबसे पहले, यह जान लें कि अरमान मलिक ने इसका मेन वर्जन गाया है, जिसकी वजह से इसे एक्टर-प्रोड्यूसर सलमान खान और डायरेक्टर निखिल आडवाणी के सामने पेश किया जा सका। मैंने इसे बनाया, कुमार सर ने इसके बोल लिखे और अरमान मलिक ने इसे गाया, इसलिए इसे मंजूरी मिली और फिर सलमान सर ने इसे गाया। चीजें इसी तरह होती हैं और ठीक ऐसा ही हुआ, ठीक है? आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि मेरे और कुमार सर के बिना, गाने के लिए कोई गाना ही नहीं होता। अरमान के बिना, सलमान सर को सुनाने के लिए कुछ नहीं होता। सलमान खान के चेहरे और आवाज वाले वर्जन के बिना, यह गाना आज जिस मुकाम पर है, वहां नहीं पहुंच पाता। मैंने कभी इससे इनकार नहीं किया, लेकिन क्या कोई कभी रुककर यह सोचता है कि एक गाना बनाने में कितनी मेहनत लगती है और फिर हर साल हर सेलिब्रेशन पोस्ट में उसे नजरअंदाज कर दिया जाता है'?

## स्टिक के सहारे चलते दिखे जहीर इकबाल सोनाक्षी बोलीं-यह मैंने नहीं किया; यूजर्स ने कही ये बात





Sonakshi Sinha and Zaheer Iqbal: बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कपल भगवान गणेश के दर्शन करने पहुंचा है। वीडियो में जहीर स्टिक के सहारे चलते दिख रहे हैं। अब इस वीडियो पर कई लोग काफी मजेदार कमेंट कर रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अक्सर अपने फनी कंटेंट और एक दूसरे के साथ प्रैंक करने के चलते फैंस के बीच चर्चाओं में रहते हैं। दोनों अक्सर अपने वीडियोज पोस्ट कर फैंस को एंटरटेन करने का मौका नहीं छोड़ते। उनके इन वीडियोज पर फैंस भी जमकर प्यार बरसाते हैं। अब जानिए इस नए वीडियो में क्या खास है। दरअसल, सोनाक्षी और जहीर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कपल गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बप्पा का आशीर्वाद लेने पहुंचा है। इस दौरान जहीर पैर में चोट होने के चलते स्टिक के सहारे चलते दिखे। वहीं जब दोनों फोटो के लिए पोज देने खड़े होते हैं, तो सोनाक्षी मजाकिया अंदाज में जहीर की चोट पर इशारा करते हुए कहती हैं कि ये मैंने नहीं किया है। इसके बाद दोनों दर्शन करने के लिए आगे बढ़ जाते हैं।

**यूजर्स ने दिए मजेदार रिएक्शन**

अब दोनों का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कई यूजर्स इस वीडियो पर काफी मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं।

एक यूजर ने जहीर के चलने के तरीके को फिल्म 'वेलकम' से जोड़ कर कमेंट किया, 'मेरी एक टांग नकली हे में हॉकी का बहोत बड़ा खिलाड़ी था एक दिन उदय भाई को मेरी किसी बात पे गुस्सा आ गया और मेरी हॉकी से मेरे टाँग के दो टुकड़े कर दिए।' वहीं दूसरे ने मजाक में लिखा, 'सोनाक्षी ने टांग तोड़ी होगी...उसका बहुत मजाक उड़ाता है ये'।

इसके अलावा कई यूजर्स ने जहीर की चोट पर चिंता जाहिर करते हुए इसकी वजह के बारे में पूछा। वहीं कुछ यूजर्स ने सोनाक्षी को उनके लुक के लिए तारीफ की। बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं।

# Aaj ka Rashifal 17 September

## वृषभ, सिंह और मीन राशि वालों को मिल सकता है बड़ा लाभ, नौकरी-व्यापार में बनेंगे तरक्की के योग




**17 सितंबर 2026** का आज का राशिफल: आज का दिन मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि के जातकों के लिए कई महत्वपूर्ण संकेत लेकर आया है। करियर, व्यापार, धन, प्रेम, परिवार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज ग्रहों की स्थिति का क्या प्रभाव रहेगा? किस राशि को मिल सकता है कोई नया अवसर और किसे आज सावधानी बरतने की जरूरत है? जानिए 17 सितंबर 2026 का दैनिक राशिफल

**Aaj Ka Rashifal 17 September 2026:** आज 17 सितंबर 2026, गुरुवार का दिन कुछ राशि के जातकों के लिए खास रहने वाला है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का प्रभाव आपके करियर, नौकरी, व्यापार, आर्थिक स्थिति, प्रेम संबंध, पारिवारिक जीवन और स्वास्थ्य पर देखने को मिल सकता है। कुछ राशि वालों के लिए आज नए अवसर सामने आ सकते हैं जबकि कुछ लोगों को महत्वपूर्ण फैसले लेते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं 17 सितंबर 2026 का आज का राशिफल।

### मेष



आज मन कुछ ज्यादा ही चंचल रह सकता है। भावनाओं में बहकर लिया गया कोई फैसला बाद में परेशानी खड़ी कर सकता है, इसलिए जरूरी है कि बड़े निर्णय लेते समय दिल के साथ दिमाग की भी सुनें। प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में दिन सामान्य रहेगा, जबकि व्यापार से जुड़े लोगों को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। मानसिक शांति बनाए रखने के लिए सूर्य को जल देना शुभ रहेगा।

### वृषभ



घर-परिवार से जुड़े मामलों में आज थोड़ी बेचैनी महसूस हो सकती है। भूमि, मकान या वाहन खरीदने की योजना बना रहे हैं तो कुछ अड़चन सामने आ सकती हैं। आपका और माता का स्वास्थ्य भी ध्यान मांग रहा है। मन में चिंता बनी रह सकती है, हालांकि व्यापार की स्थिति संभली हुई रहेगी। मां काली का स्मरण करना आपके लिए लाभकारी रहेगा।

### मिथुन



आज आपका साहस और पराक्रम आपको आगे बढ़ाएगा, लेकिन जरूरत से ज्यादा उत्साह भी नुकसान करा सकता है। किसी काम को साबित करने की जिद में अपनी क्षमता से अधिक दबाव न लें। नाक, कान या गले से जुड़ी परेशानी परेशान कर सकती है। अच्छी बात यह है कि प्रेम और संतान के मामले में दिन बेहद सकारात्मक रहेगा और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मां काली को प्रणाम करना शुभ रहेगा।

### कर्क



आज पैसों के मामले में थोड़ी सावधानी ही समझदारी है। लेनदेन और निवेश से दूरी बनाए रखना बेहतर रहेगा, क्योंकि धन हानि की आशंका बन रही है। मुंह या दांत से जुड़ी परेशानी हो तो लापरवाही न करें और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लें। प्रेम और संतान के मामले में सुखद स्थिति बनेगी, वहीं व्यापार में भी लाभ मिल सकता है। अपने पास लाल रंग की कोई वस्तु रखना शुभ रहेगा।

### सिंह



आज मन में घबराहट और बेचैनी कुछ ज्यादा रह सकती है। छोटी-छोटी बातों का मानसिक दबाव न बनने दें और खुद को आराम देने का प्रयास करें। राहत की बात यह है कि प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में परिस्थितियां काफी अच्छी रहेंगी। व्यापार में भी शानदार परिणाम मिल सकते हैं और सरकारी क्षेत्र से जुड़े किसी काम में लाभ की संभावना है। सुबह सूर्य को जल देना विशेष शुभ रहेगा।

### कन्या



आज अनावश्यक खर्च आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं, इसलिए जरूरत और इच्छा के बीच फर्क समझकर ही पैसा खर्च करें। सिरदर्द और आंखों से जुड़ी परेशानी परेशान कर सकती है। मन में किसी अनजाने डर या मानसिक दबाव का असर भी दिखाई दे सकता है। हालांकि प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में धीरे-धीरे सुधार होगा और व्यापार भी अच्छी गति से आगे बढ़ेगा। लाल रंग की वस्तु का दान करना शुभ रहेगा।

### तुला



आज आपकी आर्थिक स्थिति में नया मोड़ आ सकता है। कमाई के नए रास्ते खुलेंगे और पुराने निवेश से भी फायदा मिलने की संभावना है। यात्रा थोड़ी थकाऊ या परेशान करने वाली हो सकती है, लेकिन इससे कोई महत्वपूर्ण लाभ भी मिल सकता है। प्रेम और संतान से जुड़े मामले सामान्य रहेंगे और व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। शनिदेव का स्मरण करना आपके लिए शुभ रहेगा।

### वृश्चिक



आज कोर्ट-कचहरी या कानूनी विवाद से जुड़े मामलों में उलझन बनी रह सकती है। किसी मामले में तुरंत और स्पष्ट जीत मिलने की उम्मीद कम है, इसलिए धैर्य रखना जरूरी होगा। प्रेम, संतान और व्यापार के मामले में दिन मिला-जुला रहेगा। जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। सूर्य को जल देना आपके लिए सकारात्मक रहेगा।

### धनु



आज यात्रा करते समय विशेष सावधानी रखें, क्योंकि सफर से परेशानी या नुकसान की आशंका है। केवल भाग्य के भरोसे कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करना उचित नहीं होगा। किसी स्थिति में मान-सम्मान को लेकर चिंता या अपमान का भय मन को परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, जबकि प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में अच्छी खबर मिल सकती है। बजरंग बली का स्मरण करना शुभ रहेगा।

### मकर



आज परिस्थितियां आपके पक्ष में आसानी से आती हुई नजर नहीं आएंगी। इसलिए जोखिम उठाने के बजाय समझदारी से कदम बढ़ाना ही बेहतर होगा। किसी भी बड़े निवेश, विवाद या जल्दबाजी वाले फैसले से दूरी रखें। प्रेम और संतान का साथ आपको मानसिक राहत देगा और व्यापार भी ठीक चलता रहेगा। मां काली का स्मरण करने से मनोबल बढ़ेगा।

### कुंभ



आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है, इसलिए उनकी सेहत को नजरअंदाज न करें। प्रेम और संतान से जुड़े मामले संतोषजनक रहेंगे। व्यापार में भी स्थिति अच्छी रह सकती है, लेकिन नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर कुछ नुकसान या परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। तांबे की वस्तु का दान करना शुभ रहेगा।

### मीन



आज का दिन थोड़ा परेशान करने वाला रह सकता है। स्वास्थ्य के साथ-साथ प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में भी उतार-चढ़ाव महसूस हो सकता है। मन को शांत रखना और छोटी बातों को जरूरत से ज्यादा गंभीर न बनाना ही बेहतर होगा। व्यापार की स्थिति फिलहाल सामान्य बनी रहेगी। सुबह सूर्य को जल देना आपके लिए शुभ और सकारात्मक रहेगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल : वृश्चिक-धनु राशि वालों के लिए प्यार का दिन खास, क्रश के सामने रख सकते हैं दिल की बात



**Aaj Ka Love Rashifal 17 September 2026:** प्रेम और रिश्तों के लिहाज से आज का दिन कैसा रहेगा? जानिए सभी 12 राशियों के लिए प्यार, रिश्ते और पार्टनर से जुड़े खास संकेत।

**Aaj Ka Love Rashifal 17 September 2026:** प्यार और रिश्तों के मामले में आज का दिन सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग संकेत लेकर आया है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर आपके प्रेम जीवन, पार्टनर के साथ रिश्ते, बातचीत और भावनाओं पर देखने को मिल सकता है। कुछ राशि वालों के रिश्तों में नजदीकियां बढ़ सकती हैं, जबकि कुछ लोगों को गलतफहमी और अनावश्यक बहस से बचने की जरूरत होगी। जो लोग रिलेशनशिप में हैं, उनके लिए आज पार्टनर के साथ खुलकर बात करना रिश्ते को मजबूत कर सकता है।हीं सिंगल लोगों की मुलाकात किसी खास व्यक्ति से होने या पुराने रिश्ते से जुड़ी कोई खबर मिलने की संभावना बन सकती है। शादीशुदा लोगों के लिए भी आपसी समझ और सहयोग बनाए रखना महत्वपूर्ण रहेगा।

## 18 सितंबर को नीच राशि में मंगल करेंगे प्रवेश, 12 नवंबर तक इन 4 राशियों को रहना होगा सतर्क




ज्योतिष के अनुसार 18 सितंबर को मंगल कर्क राशि में गोचर करेंगे। मंगल का यह गोचर कुछ राशियों के लिए चुनौती बढ़ा सकता है। जानें किन 4 राशियों को 12 नवंबर तक सावधान रहना होगा।

ज्योतिष शास्त्र में मंगल को साहस, ऊर्जा, भूमि, पराक्रम और संघर्ष का कारक ग्रह माना जाता है। मंगल की स्थिति में बदलाव का असर व्यक्ति के जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों पर देखने को मिल सकता है।18 सितंबर 2026 को मंगल कर्क राशि में प्रवेश करने वाले हैं और इस राशि में लगभग 12 नवंबर तक रहेंगे। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार कर्क राशि मंगल की नीच राशि मानी जाती है, इस दौरान कुछ जातकों को करियर, आर्थिक स्थिति, परिवार, स्वास्थ्य और संपत्ति से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत पड़ सकती है। खासतौर पर चार राशियों को इस अवधि में जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना चाहिए। आइए जानते हैं किन राशियों को मंगल के इस गोचर के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

## 26 सितंबर से लक्ष्मी नारायण राजयोग, जानें 12 राशियों में किसे लाभ और किसे करना होगा इंतजार?




26 सितंबर को बुध-शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इसका असर सभी 12 राशियों पर देखने को मिल सकता है। जानें किस राशि को धन, करियर और कारोबार में लाभ मिलेगा और किसे थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की चाल और उनकी युति का विशेष महत्व माना जाता है। जब शुभ ग्रह एक-दूसरे के साथ आते हैं, तो उनके संयोग से बनने वाले योग का प्रभाव कई राशियों के जीवन में देखने को मिल सकता है। सितंबर के अंत में बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने जा रहा है। बुध को बुद्धि, वाणी, व्यापार और तर्क का कारक माना जाता है, जबकि शुक्र धन, प्रेम, सुख-सुविधा, कला और ऐश्वर्य से जुड़े ग्रह माने जाते हैं। ऐसे में इन दोनों ग्रहों का मिलन आर्थिक और करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि इस योग का असर सभी राशियों पर एक जैसा नहीं रहेगा। कुछ राशियों के लिए यह समय बेहद शुभ रह सकता है,जबकि कुछ लोगों को लाभ पाने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। तो आइए जानते हैं 26 सितंबर 2026 को बनने वाले लक्ष्मी नारायण राजयोग का सभी 12 राशियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा और किन जातकों के लिए यह योग धन, करियर और कारोबार में नई उम्मीद लेकर आ सकता है।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों के लिए यह योग कार्यक्षेत्र में नए अवसर लेकर आ सकता है। नौकरीपेशा लोगों को किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जो आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकते हैं।

## सूर्य कन्या गोचर: 17 सितंबर से इन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, करियर में मिलेगी मनचाही सफलता




**Surya Gochar 2026:** सूर्य कन्या राशि गोचर से कुछ राशियों को मनचाही सफलता की प्राप्त होगी। साथ ही जातकों का भाग्योदय भी संभव है। आइए इन 3 लकी राशियों को जानते हैं।

**Surya Gochar 2026:** 17 सितंबर 2026 को सूर्य कन्या राशि में गोचर करने जा रहे हैं। सूर्य के इस राशि परिवर्तन को कन्या संक्रांति कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य एक राशि में करीब एक महीने तक रहते हैं और इसके बाद ही अगली राशि में प्रवेश करते हैं। इस दौरान उनकी अन्य ग्रहों के साथ युति बनती है, जिसका प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग देखने को मिलता है। वर्तमान में ग्रहों के राजा सूर्य अपनी राशि सिंह में विराजमान हैं और अब 17 सितंबर को कन्या में प्रवेश करेंगे। इस दौरान बुध के साथ उनकी युति से बुधादित्य राजयोग का निर्माण होगा। ज्योतिषीय दृष्टि से यह योग कुछ राशि वालों के लिए बेहद शुभ माना जा रहा है। इसके प्रभाव से भाग्य का साथ मिलने के साथ करियर में नए अवसर और मनचाही सफलता प्राप्त हो सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं इस दौरान नए लोगों से मुलाकात होगी, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। कारोबार से जुड़े लोग किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं। आय के नए-नए अवसर मिलने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की तारीफ होगी। किसी यात्रा पर जाने की योजना भी सफल होती दिख रही है।

**धनु राशि**

धनु राशि वालों को करियर के मनचाहे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों के मान-सम्मान और प्रभाव में वृद्धि होने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और क्षमता की पहचान होगी। इस दौरान कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी मिल सकती है, जो भविष्य में तरक्की का रास्ता खोल सकती है। उच्च पदों पर बैठे लोगों से भी आपको सराहना मिल सकती है। किसी यात्रा पर जाने की योजना सफल होती दिख रही है और इससे आपको नए अनुभव व अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

## आज का अंक ज्योतिष : मूलांक 6 और 9 वालों के लिए खुशखबरी, जीवन में आएगा सकारात्मक बदलाव




**आज का अंक ज्योतिष 17 सितंबर 2026:** अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन कुछ मूलांक वालों के लिए खास रह सकता है। जानें सभी मूलांक वालों के लिए करियर, धन, प्रेम और सेहत के मामले में कैसा रहेगा दिन।

**अंक ज्योतिष 17 सितंबर 2026:** अंक ज्योतिष में व्यक्ति की जन्मतिथि के आधार पर उसके मूलांक का निर्धारण किया जाता है और इसी के जरिए दैनिक जीवन से जुड़े कई पहलुओं के बारे में संकेत प्राप्त किए जाते हैं। हर मूलांक का अपना अलग प्रभाव और महत्व माना जाता है। ऐसे में आज का दिन आपके लिए क्या संकेत लेकर आया है यह जानना दिलचस्प रहेगा। 17 सितंबर 2026 को ग्रहों और अंकों के प्रभाव के आधार पर कुछ मूलांक वालों के लिए दिन अनुकूल रह सकता है जबकि कुछ लोगों से कामकाज, धन या रिश्तों से जुड़े मामलों में थोड़ा संभलकर कदम उठाने की जरूरत पड़ सकती है।

# प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

## खेल जगत ने पीएम को दीं शुभकामनाएं, युवराज-रैना से लेकर पीटी उषा ने कही यह बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (17 सितंबर) अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं। खेल जगत के दिग्गजों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने मोदी की खेलों के प्रति योगदान और खिलाड़ियों के लिए लगातार समर्थन की सराहना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर देशभर से उन्हें शुभकामनाएं मिल रही हैं। खेल जगत की कई दिग्गज हस्तियों ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और देश की सेवा के लिए निरंतर ऊर्जा की कामना की।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और पूर्व एथलीट पीटी उषा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पीएम मोदी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए देश को शांति, खुशहाली और तरक्की की दिशा में आगे ले जाने के लिए उन्हें शक्ति मिलने की प्रार्थना की।

**गौतम गंभीर ने पीएम मोदी के स्वास्थ्य और खुशी की कामना की**

भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह पीएम मोदी के स्वास्थ्य और खुशी की कामना करते हैं और उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री भारत को शानदार भविष्य की ओर आगे ले जाते रहेंगे।

**युवराज सिंह और सुरेश रैना ने भी दी बधाई**

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का नेतृत्व भारत को मजबूत और अधिक प्रगतिशील भविष्य की ओर ले जा रहा है। युवराज ने आने वाले वर्ष में प्रधानमंत्री के लिए अच्छे स्वास्थ्य, खुशियों और लगातार सफलता की कामना की।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य, ताकत और खुशी की कामना करते हुए कहा कि देश के प्रति उनका समर्पण लाखों लोगों को प्रेरित करता रहे।

# कौन हैं नमन धीर और आकिब नबी?

## वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली बार वनडे टीम में मिली जगह, ऐसा है दोनों का रिकॉर्ड




भारतीय टीम में दो नए चेहरों की एंट्री ने सबका ध्यान खींचा है। नमन धीर और 'बारामूला एक्सप्रेस' आकिब नबी को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। आखिर दोनों ने ऐसा क्या किया कि चयनकर्ताओं का भरोसा जीता? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं...

वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया गया है। वनडे टीम में ऑलराउंडर नमन धीर और तेज गेंदबाज आकिब नबी को पहली बार सीनियर स्तर पर मौका मिला है। दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में अपने प्रदर्शन से टीम में जगह बनाई है।

**नमन धीर का कैसा रहा है प्रदर्शन?**

पंजाब के 26 वर्षीय बैटिंग ऑलराउंडर नमन धीर 2023-24 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 2024 में आईपीएल डेब्यू किया था। उस सीजन उन्होंने सात मुकाबले खेले और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नाबाद 62 रन की पारी भी खेली।

2025 की नीलामी में उनकी फ्रेंचाइजी ने राइट-टू-मैच विकल्प के जरिए उन्हें फिर टीम में शामिल किया। नमन ने उस सीजन सभी 16 मैच खेले और 182.60 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। आईपीएल 2026 में उन्होंने 14 मैचों में 26.50 की औसत से 318 रन बनाए। हाल ही में पंजाब की घरेलू टी20 लीग में नमन धीर ने तूफानी बल्लेबाजी की। अमृतसर सूरमाज के लिए खेलते हुए नमन ने मोहाली किंग्स के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। नमन ने 64 गेंदों पर 16 चौकों और 12 छक्कों की मदद से 173 रन बनाए।

घरेलू क्रिकेट की बात करें तो नमन ने 20 फर्स्ट क्लास मैचों में 23.06 की औसत से 669 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। 14 लिस्ट-ए मैचों में उनके नाम 39 की औसत से 351 रन हैं। टी20 क्रिकेट में वह 61 मैचों में 1,222 रन बना चुके हैं। गेंदबाजी में नमन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 17, लिस्ट-ए में सात और टी20 क्रिकेट में आठ विकेट लिए हैं।

# भारतीय प्लेइंग-11 में बदलाव तय!: वैभव सूर्यवंशी को मिलेगा मौका? संजू नहीं; इस खिलाड़ी को दिया जा सकता है आराम




IND vs AFG T20 Playing 11: श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। तीसरे टी20 के लिए भारत प्लेइंग-11 में बदलाव कर सकता है। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले चुकी है। अब दोनों टीमों के बीच गुरुवार को आखिरी मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने शुरुआती दो मैचों में वैभव सूर्यवंशी को मौका नहीं दिया था, लेकिन अब संकेत मिले हैं कि उन्हें प्लेइंग-11 में जगह मिल सकती है। भारत की नजरें इस मैच को जीतकर क्लीन स्वीप करने पर होंगी।

कप्तान के बयान से मिले बदलाव के संकेत

भारतीय टीम ने पहले दो मैच में दमदार प्रदर्शन किया और अफगानिस्तान को खेल के हर विभाग में पस्त किया। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को दूसरे मैच के बाद कहा था कि तीसरे और अंतिम मैच में टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है ताकि सभी खिलाड़ियों को 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए जापान रवाना होने से पहले जरूरी मैच अभ्यास का मौका मिल सके। अब तक के चयन से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत सूर्यवंशी को जगह देने के लिए कोई विशेष प्रयास करने को तैयार नहीं है। सूर्यवंशी ने जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर डेब्यू किया था क्योंकि तब संजू सैमसन सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे।

**बल्लेबाजी क्रम में बदलाव संभव**

अब सैमसन और अभिषेक शर्मा दोनों ही अच्छी फॉर्म में हैं। यह दोनों खिलाड़ी एक ही प्रारूप में नियमित रूप से खेलते हैं और इसलिए वह भी विश्राम नहीं लेना चाहेंगे। ऐसे में टीम प्रबंधन को बदलाव का फैसला करना होगा। ईशान किशन को विश्राम देकर सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल करने का विकल्प भी मौजूद है। किशन ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने से पहले दलीप ट्रॉफी में पूर्वी क्षेत्र की कप्तानी की थी।

# एशियन गेम्स 2026: जापान-मलयेशिया जैसे देश भी क्रिकेट में हिस्सा लेंगे? सभी के स्क्वॉड-फॉर्मेट और शेड्यूल देखें

एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट मुकाबलों का रोमांच चरम पर होगा। महिला और पुरुष वर्ग में एशिया की मजबूत टीमें पदक के लिए उतरेंगी। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश समेत कई टीमों की टक्कर पर नजर रहेगी। महिला मुकाबले 17 सितंबर से, जबकि पुरुष क्रिकेट 24 सितंबर से शुरू होगा।

एशियाई खेलों को शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का वक्त रह गया है। वैसे तो इन खेलों में हर स्पर्धा दिलचस्प होती है, लेकिन फैंस को बेसब्री क्रिकेट को लेकर सबसे ज्यादा है। भारतीय पुरुष और महिला, दोनों क्रिकेट टीमें स्वर्ण का बचाव करने उतरेंगी। 2023 एशियाई खेलों में ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में पुरुष क्रिकेट टीम ने स्वर्ण जीता था, जबकि स्मृति मंधाना की अगुआई में महिला क्रिकेट टीम ने भी स्वर्ण पर कब्जा जमाया था। इस बार भी दोनों वर्गों में स्वर्ण की ही आस है।

हालांकि, भारतीय टीम के लिए अभियान आसान नहीं रहने वाला है। इस सफर को दोनों ही वर्गों में भारत को श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। पुरुषों में अफगानिस्तान भी मजबूत दावेदार है। पिछले एशियाई खेलों में अफगानिस्तान की टीम फाइनल में पहुंची थी। आइए एक-एक करके दोनों ही वर्गों के सभी देशों के स्क्वॉड, शेड्यूल, फॉर्मेट पर नजर डालते हैं...

**एशियन गेम्स 2026 : महिला क्रिकेट प्रतियोगिता**




**आठ टीमें लेंगी हिस्सा**

एशियन गेम्स 2026 की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। मुकाबले क्वार्टर फाइनल से शुरू होंगे और इसके बाद सेमीफाइनल तथा पदक मुकाबले खेले जाएंगे।

मेजबान जापान को सीधे प्रतियोगिता में जगह मिली है। क्षेत्र की चार पूर्ण सदस्य टीमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भी सीधे टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई हुईं।

बाकी तीन स्थानों के लिए छह टीमों के बीच 26 से 31 मई तक मलयेशिया के कुआलालंपुर में क्वालिफायर खेला गया। छह टीमों को तीन-तीन के दो ग्रुप में बांटा गया था। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्वालिफायर में थाईलैंड विजेता, मलयेशिया उपविजेता और चीन तीसरे स्थान पर रहा।

# फॉर्म में लौटे संजू सैमसन: दूसरे मैच में दिलाई दमदार जीत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ जीता लगातार 10वां टी20



भारतीय टीम ने जीत की लय बरकरार रखते हुए अफगानिस्तान को दूसरे टी20 में सात विकेट से हराया। भारत ने इस तरह तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारत के लिए राहत की बात यह है कि सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन फॉर्म में लौट आए हैं। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए इस मैच में जहां नीतीश रेड्डी ने गेंदबाजी में प्रभावित किया, वहीं, सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक लगाया।

**अफगानिस्तान के खिलाफ दबदबा बरकरार**

भारत ने अभी तक टी20 इतिहास में अफगानिस्तान के खिलाफ कोई मैच नहीं गंवाया है। भारत ने दबदबा बरकरार रखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार 10वां टी20 मुकाबला जीता। ये टी20 में भारत के खिलाफ किसी टीम की लगातार सर्वाधिक हार है। अफगानिस्तान ने इस मामले में बांग्लादेश को पीछे छोड़ा। बांग्लादेश ने 2019 से 2025 के बीच भारत के खिलाफ लगातार नौ मैच गंवाए थे।

**सैमसन-अभिषेक की शानदार शुरुआत**

लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन और अभिषेक ने टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाई। सैमसन पिछले मैच में सस्ते में आउट हुए थे। वैभव सूर्यवंशी को बैठाकर उन्हें मौका देने पर सवाल खड़े किए जा रहे थे, लेकिन सैमसन ने एशियाई खेलों से ठीक पहले फॉर्म में वापसी की और भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सैमसन ने धीमी शुरुआत की थी और आठ गेंदों पर 10 रन बनाए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदला और तेजी से खेलना शुरू किया। सैमसन ने 20 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सैमसन और अभिषेक के बीच पहले विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी हुई जिसे राशिद ने अभिषेक को आउट कर तोड़ा। अभिषेक के आउट होने के बाद सैमसन ने अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्हें भी राशिद ने अपना शिकार बनाया। फिर कप्तान श्रेयस अय्यर राशिद का तीसरा शिकार बने। हालांकि, ईशान किशन और तिलक वर्मा ने भारत को जीत दिलाने की औपचारिकता पूरी की। भारत के लिए सैमसन ने 22 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। वहीं, अभिषेक ने 39 और कप्तान श्रेयस ने 11 रन बनाए। ईशान किशन 23 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 और तिलक वर्मा ने 14 गेंदों पर एक चौके की मदद से नाबाद 15 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए तीनों विकेट राशिद खान ने लिए। इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अर्शदीप सिंह ने रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट कर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300
















